कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर।

पत्रसंख्या- सो0मी0- स0कार्य/2022 **दिनांक 31.03.2026**

सेवा में,

पुलिस उपाधीक्षक/स्टॉफ ऑफिसर
अपर पुलिस महानिदेशक,
वाराणसी जोन, वाराणसी, उ0प्र0।

कृपया पत्र संख्याः41/छः-पु-3/2020,दिनांकः04/06/2020 का (छायाप्रति संलग्न) के परिपेक्ष्य में आप अपने पत्र संख्या सोशल मीडिया-(18/2020 का अवलोकन करें, जो पुलिस विभाग एवं उसकी अन्य इकाईयों द्वारा किये जाने वाले सराहनीय कार्यों एवं विशिष्ट उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किये जाने विषयक है।

कृपया

उक्त के संबंध में सादर अवगत कराना है कि जनपद गाजीपुर के पुलिस कर्मियों द्वारा उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य के संबंध में **दिनांक 30.03.2026** की संबंधित सूचना निम्नवत् है-

01. थाना गहमर पुलिस द्वारा चोरी की घटना कारित करने वाले 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

घटना का संक्षिप्त विवरण – दिनांक 11.03.2026 को आवेदिका जोन्ही पत्नी घरभरन गिरि निवासी-पिपरौली थाना गहमर जिला गाजीपुर भदौरा बाजार में दवा लेने गयी थी कि तहसील के सामने नहर के पास आवेदिका द्वारा अपने कान में पहना हुआ सोने के कर्णफूल झोले मे रखी थी कि अभियुक्त उदय नारायण द्वारा आवेदिका से बातचीत करते हुए झोले से आवेदिका के सोने की कर्णभूल चुरा लिया गया। जिसके सम्बन्ध में आवेदिका द्वारा दिनांक 29.03.2026 को थाना स्थानीय पर प्रार्थना पत्र देकर मु0अ0सं0 43/2026 धारा 303(2) बीएनएस का अभियोग बनाम उदयनराण पुत्र अज्ञात निवासी रेवतीपुर थाना रेवतीपुर जनपद गाजीपुर पंजीकृत कराया गया।

अपराध एवम् अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 30.03.2026 को चौकी प्रभारी सेवराई मय हमराहियान के क्षेत्र में मामूर थे कि इसी दौरान मुखबिर खास की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त को रेलवे स्टेशन भदौरा के बाहर दुर्गा माँ मन्दिर के पास से पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त के निशान देही पर माल मसरुका बरामद कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

थाना गहमर पुलिस द्वारा मुकदमा पंजीकृत होने के 24 घण्टे अन्दर अभियुक्त को माल मसरुका के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गई।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का नाम व पता –

1.उदय नारायण राम पुत्र बलिराम निवासी रेवतीपुर भीष्म राय पट्टी थाना रेवतीपुर जिला गाजीपुर

बरामद माल का विवरण-

1. कर्णफूल 02 अदद (1 जोड़ा) पीली धातु

अभियुक्त का आपराधिक विवरण

1. मु0अ0सं0-43/2026 धारा- 303(2), 317(2) बीएनएस थाना गहमर जनपद गाजीपुर

पुलिस अधीक्षक
गाजीपुर